**उ0प्र0 विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, <u>मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-11 का उत्तर।</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 11(क)- क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम योजनान्तर्गत 271.71 करोड़ रूपया का आवंटन ऊर्जा विभाग को दिनांक 29 अप्रैल, 2024 को वर्ष 2023-24 में किया गया था? | जी हाँ । <br> वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी के नगर निकायों हेतु रू0 271.71 करोड़ आवंटित हुआ। |
| (ख) यदि हाँ, तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के क्षेत्र में कौन-कौन से नगर निगम आते हैं तथा उन्हे कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गयी? | पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि०, वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत वाराणसी नगर निगम में रू0 8674.62 लाख, गोरखपुर नगर निगम में रू0 6524.01 लाख, प्रयागराज नगर निगम में रू0 4886.00 लाख, आजमगढ़ नगर पालिका परिषद में रू0 4515.06 लाख एवं मऊ नगर पालिका परिषद में रू0 2502.10 लाख (कुल धनराशि रू0 27101.79 लाख) आवंटित की गयी थी। |
| (ग) क्या आवंटित की गयी धनराशि का उपभोग कर लिया गया है? | जी हाँ । |
| (घ) यदि हॉ, तो गुणवत्ता की जॉच कराकर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0, सहित सभी निगमों में कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की व्यवस्था लागू की गयी है। इस योजना में निहित एवं पूर्ण कुल 2453 कार्यों में से रैंडम आधार पर चयन करते हुए 1252 कार्यों का निरीक्षण आवंटित किया गया, जिसमें से 547 कार्यों की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। शेष कार्यों का निरीक्षण प्रगति पर है। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन में यदि कोई कमी पायी जाती है तो उसको सही कराने की व्यवस्था है। |

**ए0 के0 शर्मा**<br>**ऊर्जा मंत्री।**